विचारार्थ विषय

वरिष्ठ परामर्शदाता (कार्यक्रम प्रबंधन) (जेएसके यूनिट)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

वरिष्ठ परामर्शदाता की प्राथमिक भूमिका में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के फ्रेमवर्क तथा स्वास्थ्य नीति के अनुसार सभी कार्यक्रमों में एकीकृत योजना को सहायता देना एवं सुदृढ़ करना, राज्यों में इसके कार्यान्वयन को मेंटोर करना एवं कार्यक्रम प्रबंधन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना निहित होगा।

भूमिका एवं दायित्व:

1. कार्यक्रम के मुख्य संकेतकों के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) के अंतर्गत जनसंख्या से संबंधित कार्यक्रमों के प्रचार (मेंटोरिंग) एवं कार्यान्वयन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
2. जनसंख्या से संबंधित कार्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण एवं कार्यान्वयन हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों को तकनीकी सहायता और कार्यक्रमबद्ध समर्थन देना।
3. कार्य योजनाओं, बजट, कार्यकलापों, मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन फ्रेमवर्क तथा रिपोर्टों सहित कार्यक्रम कार्यों पर विकास कार्यान्व्यन, निगरानी तथा रिपोर्ट हेतु भागीदारों और सहयोगी राज्य सरकारों के साथ कार्य करना।
4. प्रलेखों, प्रचालनात्मक एवं तकनीकी दिशा-निर्देशों के विकास में सहायता करना।
5. विभिन्न रिपोर्टों/अध्ययनों / एमआईएस डेटा / सर्वेक्षण रिपोर्टों के विश्लेषण में सहायता करना और राज्यों में जनसंख्या से संबंधित संकेतकों की प्राप्ति हेतु आउटपुट/विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करने के सुझाव देना।
6. तकनीकी रिपोर्टों का विकास करने में सहायता देना और क्षेत्रगत दौरों के माध्यम से वर्तमान दिशा-निर्देशों एवं प्रशिक्षण मैनुअल की समीक्षा करना तथा राज्य/जिला स्तरों पर इसका प्रचार करना।
7. राज्य पीआईपी की मूल्यांकन रिपोर्ट में सहायता करना, तिमाही/मासिक रिपोर्टें तैयार करना, कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी करना।
8. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पीआईपी के अंतर्गत नियोजित कार्यों के कार्यान्वयन में राज्यों और जिलों की सहायता करना, उपलब्ध डेटा और रिपोर्टों के उपयोग के माध्यम से अनुमोदित योजनाओं की प्रगति का निर्धारण करना।
9. प्रगति की निगरानी के लिए राज्यों के आवधिक क्षेत्रगत दौरे संचालित करना और यह सुनिश्चित करने हेतु सहाता करना कि अनुमोदित योजनाएं निर्धारित समय अवधि में कार्यान्वित की गई हैं।

10. उक्त पर आवधिक रिपोर्टें प्रस्तुत करनाऔर अनुमोदित कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं में अंतराल को समाप्त करने के लिए राज्य स्तर पर अपेक्षित कार्यों का सुझाव देना।
11. निर्धारित आउटपुट समयबद्ध कार्यों में सौंपे गए कोई अन्य कार्यकरना तथा विचारार्थ विषयों में सभी कार्यों हेतु रिपोर्ट देना अथवा प्रभाग द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य करना।
12. संगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु पर्यवेक्षकों द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रता:

1. स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए / एमपीएच / एमएसडब्ल्यू।
2. जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव जिसमें से राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर सरकारी विभाग में जनसंख्या एवं आरसीएच संबंधित विषय में 2-3 वर्ष का अनुभव। पूर्व में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अथवा इसके संबंद्ध संगठनों में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को वरियता दी जाएगी।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य हितधारकों और संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी।
4. उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतिकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर-वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
5. बहु-आयामी टीम परिवेश में कार्य करने हेतु दर्शित योग्यता।
6. क्षेत्रीय स्तर पर कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में दर्शित अनुभव।
7. संगत आंकड़ों और दस्तावेजों की खोज करने के लिए कम्प्यूटर में दक्षता के साथ एमएमवर्ड, एक्सल, पॉवर पॉइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों सहित उच्च स्तर की जानकारी।
8. निर्धारित समय सीमाओं के दवाब में विभिन्न प्रकार के कार्यों को करने की योग्यता।
9. तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छाशक्ति तथा निर्धारित समय-सीमाओं के भीतर कार्यों को पूरा करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कार्यों को करने की योग्यता।

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु 50 वर्ष तक तथा गहन क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।
पारिश्रमिक: रु. 90,000/- से 1,50,000/- प्रतिमाह के बीच।
स्थान: नई दिल्ली तथा राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विचारणीय विषय के साथ अटैच किए गए आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड करें जिसे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्रपत्र को **6-May-2019** तक jsk.mohfw@gmail.com को ईमेल कर दें। अन्य किसी प्रपत्र में भेजे गए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया आवेदन प्रपत्र पर आवेदित पद का नाम दर्शाने को सुनिश्चित कर लें जिसके बिना आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।